आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 04.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नैनीताल स्थित कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।
- उत्तराखंड विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे से शुरू होगी।
- अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 से बढ़ाकर 50 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा।
- हरिद्वार के लक्सर स्थित राय बहादुर नारायण सिंह शुगर मिल ने चालू पेराई सत्र के लिए गन्ना इंडेंट जारी किया।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नैनीताल स्थित कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के 89 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। श्रीमती मुर्मू बाबा नीब करौरी के दर्शन भी करेंगी। उनके तीन दिवसीय उत्तराखंड भ्रमण का आज अंतिम दिन है। इसके बाद राष्ट्रपति नई दिल्ली के लिये रवाना हो जाएंगी।

इससे पहले श्रीमती मुर्मू ने कल राजभवन नैनीताल के वर्चुअल टूर का लोकार्पण करते हुए कहा कि उत्तराखंड अपने गठन से अब तक निरंतर विकास, प्रगति और समृद्धि की दिशा में अग्रसर है।

राजभवन की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि यह वर्चुअल टूर लोगों को राजभवन की स्थापत्य कला, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व से परिचित कराएगा। इसे राजभवन की वेबसाइट governoruk.gov.in पर देखा जा सकेगा। इस अवसर पर राजभवन नैनीताल पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें उसकी गौरवशाली विरासत और स्थापत्य सौंदर्य को दर्शाया गया।

विधानसभा विशेष सत्र—1

उत्तराखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र कल रात 8 बजकर 37 मिनट तक चला। सत्र आज एक बार फिर सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित इस विशेष सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन से हुई थी। भोजनावकाश के बाद अपराह्न चार बजे फिर से सत्र की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के दौरान प्रदेश के भविष्य को लेकर पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपने विचार रखे।

संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने विधानसभा के विशेष सत्र में कहा कि उत्तराखंड विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और भविष्य के विकसित भारत में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि राज्य गठन की लड़ाई 1952 से शुरू हुई थी और आज प्रदेश ने शिक्षा, सड़क, बिजली और संचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

मंत्री ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 100 से अधिक डिग्री कॉलेज और 4 हजार 500 से अधिक हाई स्कूल व इंटर कॉलेज हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़कों का जाल तेजी से फैला है और अब तक विधानसभा में कुल 524 विधेयक पारित किए जा चुके हैं। राज्य में संरक्षित वन क्षेत्र राष्ट्रीय औसत से अधिक है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन के साथ आम आदमी को भी जंगलों से जोड़ा गया है।

विधानसभा विशेष सत्र–2

वहीं, सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक आदेश चौहान के प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था बेहतर है और हर कार्य संविधान और कानून के तहत किया जा रहा है।

*बाइट– मुख्यमंत्री*

सत्र में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य में तीन वर्षों में 23 करोड़ से अधिक पर्यटक आए हैं और होम स्टे योजना से ग्यारह सौ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने बताया कि माणा और जादुंग गांवों को वाइब्रेंट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है और आदि कैलाश यात्रा को सुगम बनाने के प्रयास जारी हैं।

महाराज ने कहा कि राज्य में 24 मंदिरों का सर्किट तैयार किया गया है, जबकि मानसखंड और केदार मंदिर माला मिशन के तहत प्राचीन मंदिरों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में 13 में से 7 हेलीपोर्ट तैयार हो चुके हैं और 17 नए हेलिपैड बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी स्टेट हाईवे पर क्रैश बैरियर लगाए जाएंगे और रिस्पना व बिंदाल पर 26 किलोमीटर एलीवेटेड रोड निर्माण की योजना पर काम शुरू हो गया है।

खंडन

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक एआई वीडियो का खंडन किया है। इसमें दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निवेश मंच पेश किया है जो 21 हजार रुपये के निवेश पर साढे तीन लाख रुपये प्रति माह का वादा करता है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि इनसाइट इंडिया नामक एक फेसबुक पेज क्वांटम इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म का प्रचार करते हुए एक विज्ञापन चला रहा है। इकाई ने कहा कि प्रधानमंत्री या सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना शुरू या समर्थित नहीं की गई है।

स्पर्श हिमालय महोत्सव 2025

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि हिमालय केवल एक पर्वत नहीं, बल्कि भारत की शक्ति, आध्यात्मिकता और पहचान का प्रतीक है।

वे सोमवार को देहरादून के लेखक गांव में आयोजित 'स्पर्श हिमालय महोत्सव 2025' के तहत अंतरराष्ट्रीय साहित्य, संस्कृति और कला महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान धनवंतरि की प्रतिमा का लोकार्पण किया।

श्री रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमा क्षेत्रों में सड़क और अन्य अवसंरचनात्मक विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सुंदरता है, जो हमें एकता, करुणा और लोकतांत्रिक मूल्यों के सूत्र में बांधती है।

घोषणा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की है कि अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 से बढ़ाकर 50 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। साथ ही यहां अत्याधुनिक डिजिटल एक्स–रे मशीन भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पहाड़ के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निकट ही उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बड़े शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने बताया कि उप जिला चिकित्सालय के निर्माण कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन परिषद को कार्यदायी संस्था नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चौखुटिया में अस्पताल के विस्तार से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा मिलेगी तथा उपचार में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा।

इंडेंट जारी

हरिद्वार के लक्सर स्थित राय बहादुर नारायण सिंह शुगर मिल ने चालू पेराई सत्र के लिए गन्ना इंडेंट जारी कर दिया है। मिल प्रशासन ने 27 हजार 100 कुंतल गन्ना इंडेंट चारों गन्ना सोसाइटियों को भेज दिया है और आज से गन्ना पर्चियां लागू कर दी गई हैं।

सहायक गन्ना प्रबंधक बी.एस. तोमर ने बताया कि मिल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और 5 नवंबर से बाह्य क्रय केंद्रों पर गन्ने की तौल प्रक्रिया शुरू होगी। जबकि 7 नवंबर से पेराई प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

जनरल मैनेजर एस.पी. सिंह ने कहा कि मिल प्रशासन किसानों को समय पर भुगतान और तौल प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस बार मिल समय पर संचालन शुरू कर रही है, जिससे किसानों को किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

फ्लैग मार्च

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ रुद्रप्रयाग में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने फ्लैग ऑफ कर मार्च को रवाना किया।

'सरदार 150 कैंपेन' के तहत यूनिटी मार्च केदारनाथ तिराहा से शुरू हुई और मुख्य बाजार से होते हुए गुलाबराय मैदान तक पहुंची। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राएं, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, युवा और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। 100 मीटर लंबा तिरंगा मार्च का मुख्य आकर्षण रहा।

दीपदान

उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती सप्ताह पर हर की पैड़ी पर कल शाम की आरती में 25 दीपों का दान करने के साथ ही 25 शंख से नाद कर राज्य की समृद्धि की कामना की गई। मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्रा ने कहा कि 25 साल की यात्रा में हरिद्वार जिला निरंतर प्रगति की राह पर है। इसके साथ ही ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय परिसर और प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने दीप जला कर शुभारंभ किया।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर आहूत विशेष सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। दैनिक जागरण लिखता है – राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया संबोधित, बोली– देवभूमि से प्रवाहित होती है अध्यात्म व शौर्य की पंरपराएं। हिन्दुस्तान समाचार पत्र राष्ट्रपति के हवाले से लिखता है – उत्तराखंड को नंबर वन राज्य बनाएं।

देहरादून स्थित लेखक गांव में आयोजित रजत जयंती समारोह की खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू के बयान का हवाला देते हुए लिखा है– बोलने की आजादी के नाम पर कुछ लोग देश से अलग होना चाहते हैं।

विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन की कार्यवाही पर अमर उजाला समाचार पत्र लिखता है – सरकार ने गिनाई उपलब्धियां, विपक्ष ने खड़े किए सवाल।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर जश्न की खबरों को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया हैं। अमर उजाला ने बैनर शीर्षक में लिखा है – सबसे ऊपर हमारा तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया, विश्व विजेता बेटियों पर धन वर्षा। दैनिक जागरण लिखता है – विश्व विजेता महिला टीम को 51 करोड़ देगा बीसीसीआई। हिन्दुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है – विश्व कप जीत के बाद सोशल मीडिया पर छाई दीप्ति शर्मा को लोगों ने सबसे ज्यादा खोजा।